दैनिक
# न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-विज्ञान-फीचर
रायगढ़, शुक्रवार 2 नवम्बर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### बुजुर्ग दंपती को करता था आरोपी परेशान टीआई के खिलाफ एफआईआर

दुर्ग। बुजुर्ग दंपती के घर के सामने कार खड़ी कर पंद्रह दिनों तक उन्हें घर के अंदर रहने के लिए मजबूर करने वाले के खिलाफ सुपेला पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टा उसे संरक्षण देती रही। इस मामले में न्यायालय ने कोसानगर निवासी प्रदीप जैन और सुपेला थाना के तत्कालीन टीआई जगदीश चंद्र मिश्रा के खिलाफ बंधक बनाए जाने का प्रकरण दर्ज किया है। दोनों के खिलाफ परिवाद कोसानगर निवासी पुरुषोत्तम सोनी (58 वर्ष) ने पेश किया था। परिवाद की सुनवाई के बाद न्यायालय ने टीआई व प्रदीप जैन को प्रथम दृष्टया दोषी माना और प्रकरण पंजीबद्ध करने का आदेश दिया। बुजुर्ग पुरुषोत्तम सोनी ने न्यायालय को बताया वह अपनी पत्नी के साथ घर पर रहते हैं। उनकी कोई संतान नहीं है।

### मलेरिया से पीड़ित स्कूली छात्रा की मौत

बीजापुर। कुटरू पोटाकेबिन में कक्षा तीसरी में अध्ययनरत एक छात्रा की गुरुवार को मौत हो गई। बताया गया कि छात्रा मलेरिया से पीड़ित थी। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक विजेंद्र राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीजापुर जिले के कुटरू पोटाकेबिन आवासीय कन्या आश्रम शाला में छात्रा सुनीता कुटरू (8) कक्षा तीसरी में पढ़ती थी। वह 2 दिन से मलेरिया से पीड़ित थी। बुधवार को बुखार आने पर इलाज कराया गया था, जहां उसे पीएफआर (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम) मलेरिया पॉजिटिव होना पाया गया। गुरुवार को तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर अधीक्षिका ने उसे कुटरू सीएचसी में उपचार के लिए पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई।

### 24 घंटे में खाते में जमा होगा समर्थन मूल्य व बोनस

दुर्ग। जिले के 77 केंद्रों में धान खरीदी के पहले दिन करीब 15 हजार क्विंटल धान खरीदा गया। कई केंद्रों में धान में नमी का प्रतिशत ज्यादा होने के कारण किसानों से धान खरीदी किए बगैर लौटा दिया गया। नमी का प्रतिशत कम होने पर धान खरीदा जाएगा। चुनावी वर्ष होने के कारण पहली बार किसानों को धान विक्रय के 24 घंटे के भीतर समर्थन मूल्य के साथ बोनस का भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। जिले में धान खरीदी के पहले दिन पाटन, दुर्ग और धमधा क्षेत्र के कई खरीदी केंद्रों में पहुंचा धान नमी ज्यादा होने के कारण लौटा दया गया।

### 2 पंसारी की दुकानों पर छापेमारी,जानवरों के अंगों से तैयार हुई दवाइयां भारी मात्रा में बरामद

बिलासपुर। वीरवार रात को वन विभाग व सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बिलासपुर शहर की 2 पंसारी की दुकानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार वन विभाग को एक गुप्त सूचना मिली थी कि शहर की पंसारी व अन्य दुकानों में वन्य प्राणी अधिनियमों के तहत प्रतिबंधित शैड्यूल वन व टू के जानवरों के अंग या उनके अंगों से तैयार की गई दवाइयां बेची जा रही हैं। वन विभाग बिलासपुर के रेंज आफिसर से मिली जानकारी के अनुसार शहर के मुख्य बस अड्डे के बाहर एक पंसारी की दुकान से हाथी के दांतों का चूरा व जानवरों के अंगों से बनीं अन्य प्रतिबंधित दवाइयां भारी मात्रा में बरामद हुई हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है, वहीं रेंज आफिसर ने बताया कि संबंधित पंसारी की दुकान से बरामद किए गए सामान को जांच के लिए लैबोरेटरी में भेजा जाएगा, जिसके बाद संबंधित दुकानदार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बस अड्डे के पास स्थित पंसारी की दुकान को जांच पूरी होने तक सील कर दिया गया है।वहीं, शहर की एक अन्य पंसारी की दुकान पर छापेमारी के दौरान भारी हंगामा हुआ, जिसके बाद करीब 2 घंटे के बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उस दुकान को खुलवाया गयाबिलासपुर सरोज भाई पटेल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की जा रही है।

# मुखबिरी के शक में की नक्सलियों ने की ग्रामीण की गोली मारकर हत्या



पखांजुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ से लगे सिमा महाराष्ट्र के गडचिरोली जिला के एटापल्ली तहशील से 15 किलोमीटर दूर के ग्राम नारनुर में नक्सलियों ने एक ग्रामीण की गोली मारकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या पुलिस की मुखबीरी के शक में की। इस हत्या की जिम्मेदारी कसानसुर एरिया कमेटी भाकपा माओवादी ने ली है। पुलिस ने शव के पास फेंके पर्चो को अपने कब्जे में कर लिया है।

नक्सलियों ने कहा कि 2012 से मोडडी गावरे (50 वर्ष) ने हमेशा से पुलिस की मुखबीरी का काम किया है। हमारी उपस्थिति को फोन के माध्यम से पुलिस वालों को देता था जिसके लिए मोडडी को 3-4 बार समझाइश भी दी गई थी, पर वो बाज नहीं आया। जिस कारण आज उस को मौत की सजा दी रही है।

नक्सलियों ने मोडडी के शव के पास पर्चा फेंका जिसमें एटापल्ली पुलिस अधिकारी किरण कुमार सूर्यवंश और सचिन जगताप पर आरोप लगाया कि इनके कारण आज मोडडी का ये हाल है।

बीती रात को 15 से 20 सशस्त्र नक्सलियों ने रात को 1 बजे मोडडी को घर से बुलाकर गांव से 1 किलोमीटर दूर ले जाकर गोली मारकर हत्या कर दी। मोडडी की पत्नी सहित 3 लड़का 1 लड़की है। गांव में दहशत का माहौल है। इस हत्या का जिम्मेदारी कसानसुर एरिया कमेटी भाकपा माओवादी ने ली है।

# रायपुर की 7 विधानसभा सीटों के लिए गुरूवार को 77 नामांकन, कुल 110 नामांकन



रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले की 7 विधानसभा सीटों के लिए आज रायपुर जिला कलेक्टोरेट स्थित रिटर्निंग अधिकारियों के पास आज दोपहर 3 बजे तक कुल 77 प्रत्याशियों ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा कराया. रायपुर जिले की 7 विधानसभा निर्वाचन के लिए अब तक कुल 110 नामांकन जमा हो गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. बसवराजु एस ने बताया कि विधानसभा चुनाव के नामांकन के लिए कल आखिरी दिन है, नामांकन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही लिया जाएगा. नाम निर्देशन पत्र की स्क्रूटनी 3 नवंबर को होगी तथा 5 नवंबर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। रायपुर जिले में 20 नवंबर को मतदान होगा.

## एटीएम से रुपये नही निकलने की झूठी शिकायत कर 1लाख 14हजार की धोखाधड़ी

रायपुर (आरएनएस)। एसबीआई बैंक के सर्विस मैनेजर ने फर्जीवाड़ा की रिपोर्ट लिखवाई है कि एटीएम मशीन में छेड़खानी कर 1 लाख 14 हजार रुपये निकालने के बाद, रुपये प्राप्त नही होने का फर्जी शिकायत कर पुनःबैंक राशि प्राप्त कर धोखाधड़ी किया इसकी रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार एस.बी.आई बैंक कचहरी चौक मे आरोपी ने खाता क्र. 37867808485, 37833167878, 37658751321 का एटीएम धारक ने एटीएम मशीन मे छेड़खानी कर पैसा निकालने के बाद बैंक मे फर्जी शिकायत किया कि एटीएम मशीन पैसा नही निकला व पुनः बैंक से1 लाख14 हजार रू अतिरिक्त राशि प्राप्त कर धोखाधडी किया। एसबीआई बैंक के सर्विस मैनेजर की रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया है। मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जांच में लिया ।

## दीपावली के कारण लम्बी दूरी की गाड़ियां पैक, रिर्जवेशन के लिए मची मारा-मारी

### पूजा स्पेशल चलने के बावजूद भी वेटिंग सूची लंबी

रायपुर (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश एवं देश में दीपावली का पर्व धूमधाम से 7 नवंबर को मनाया जायेगा। धनतेरस से शुरु होने वाले दीप पर्व के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रखंड से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण फूल है।



पूजा स्पेशल ट्रेन चलाये जाने के बावजूद भी रेलवे की आरक्षण सूची में वेटिंग सूची लंबी है। तत्काल आरक्षण की स्थिति भी ट्रेन स्टेशन में आते ही तत्काल भर जाती है। जिसके चलते परिवार सहित अपने घरों में दीपावली मनाने वाले यात्रियों को तकलीफदेह स्थिति में सफर करना पड़ रहा है।

## बिना अनुमति प्रचार करने पर वाहन मालिक को जारी हुई नोटिस

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 52 की रिटर्निंग अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने बिना अनुमति वाहन में राजनैतिक पार्टी का प्रचार करते पाए जाने पर आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामले में वाहन के मालिक अनीस अहमद को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है। गौरतलब है कि वाहन क्रमांक यूपी 32 एफएन 3025 द्वारा भारतीय जनता पार्टी का प्रचार किया जा रहा था जिसे जप्त किया गया तथा वाहन मालिक को आईपीसी की धारा 188 एवं 171 सी का उल्लंघन के मामले में नोटिस जारी किया गया है।




संतोषजनक जवाब नही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया है।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में जवानों को मिली कामयाबी, एक नक्सली ढेर

### शव और 303 राइफल बरामद

बीजापुर (आरएनएस)। चुनावी माहौल में शुक्रवार को बीजापुर में नक्सली घटना सामने आयी है। गंगालूर थाना क्षेत्र के कमकानार में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें एक नक्सली का शव सुरक्षा बल के जवानों ने बरामद कर लिया है। सुरक्षा बल के जवानों ने मौके से मारे गए एक नक्सली का शव बरामद कर लिया है। उधर कांकेर में भी आज नक्सल वारदातों को अंजाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ नक्सल ऑपरेशन के डीआईजी सुंदराज पी ने घटना की पुष्टि की है। आज सुबह डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में नक्सलियों को बड़ा नुकसान होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में कई नक्सली घायल हुए हैं। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है। सर्चिंग के लिए निकली टीम के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है।



चुनावी साल में नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए सुरक्षा बल के जवान कवायद कर रहे हैं। बीते 27 अक्टूबर को बीजापुर में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था। इसमें सीआरपीएफ के चार जवान शहीद हो गए थे।

## खेती के लिए तेजी से काटे जा रहे साल के जंगल

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर की प्रसिद्धि साल वनों के द्वीप के रूप में है और साल वृक्षों की तेजी से चल रही अवैध कटाई से इन वृक्षों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि शीघ्र ही बस्तर साल विहीन द्वीप हो जायेगा।

जंगलों में रहने वाले आदिवासी ग्रामीण भूमि के लालच में और लकड़ी के अवैध सौदागरों के उकसावे पर साल वनों पर तेजी से कुल्हाड़ी चला कर उनका सफाया कर रहे हैं और अपने लिए खेत तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। उससे आने वाले समय में साल वनों का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा और इन वनों के कट जाने से बस्तर में कई प्रकार से पर्यावरणीय समस्याएं शुरू हो जायेंगी।



जानकारी के अनुसार बस्तर के कोंडागांव, मध्य बस्तर , नारायणपुर सहित अन्य जिलों में खड़े साल वनों की इन दिनों तेजी से अवैध कटाई की जा रही है। जबकि साल वनों का अस्तित्व बस्तर में होने वाली भरपूर वर्षा और मिट्टी की उर्वरता के लिए आवश्यक है। इन्हीं कारणों से आज बस्तर में इनका बचाया जाना आवश्यक है।

## बीजेपी ने मध्यप्रदेश के 177 उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी की

भोपाल। विधानसभा चुनाव 2018 : मध्य प्रदेश के लिए बीजेपी ने 177 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की।

## सिर्फ दांत ही नहीं इन चीजों को भी चमकाता है टूथपेस्ट

अगर अभी तक आपको लगता था कि टूथपेस्ट का इस्तेमाल सिर्फ दांतों को साफ करने के लिए किया जाता है तो आप गलत हैं. टूथपेस्ट बड़े काम की चीज़ है. घर में कई ऐसी चीज़ें होती हैं जिनके दाग लाख मेहनत करने के बावजूद नहीं जाते हैं. आइए हम आपको ऐसी ही 5 चीज़ों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनपर अगर ज़िद्दी दाग लग गया हो तो टूथपेस्ट खोज लाइए और रगड़ दीजिए. जिद्दी दाग छुड़ाने के अलावा कई और भी काम हैं जो टूथ पेस्ट की मदद से किए जा सकते हैं.



1. अगर किचन में काम करते वक्त त्वचा को कोई भाग जल जाए तो उसकी जलन कम करने के लिए टूथपेस्ट एक अच्छा विकल्प है. इसे जले हुए स्थान पर लगाने से फफोले भी नहीं पड़ते.

2. कपड़ों पर लिपस्टिक या फिर इंक का दाग लग जाए तो दाग वाली जगह पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगाकर छोड़ दें और कुछ देर बाद धो लें. इससे दाग पूरी तरह से चला जाएगा.

3. अगर कांच की टेबल पर चाय के कप रखने से निशान बन गए हों तो उन्हें हटाने में भी टूथपेस्ट काफी मददगार साबित होता है.

4. अगर आपके गहने काले पड़ गए हैं तो टूथपेस्ट का प्रयोग करें. यह आपके गहनों को साफ कर एकदम चमका देगा.

5. दूध के बर्तनों में से महक हटानी हो या बच्चों की दूध की बॉटल को साफ करना हो तो टूथपेस्ट घुला हुआ पानी डालकर बर्तनों को अच्छी तरह साफ कर लें.

## मिडिल फिंगर दिखाने के बाद ट्रोल हुईं ईशा गुप्ता

एक्ट्रेस ईशा गुप्ता एक ऐसी बॉलिवुड एक्ट्रेस हैं जो जिनकी सोशल मीडिया पर लंबी फैन फॉलोइंग है। ईशा सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर अक्सर अपने फोटो और विडियो शेयर करती रहती हैं। अपनी तस्वीरों के कारण चर्चा में रहने वाली ईशा हाल में इंस्टाग्राम पर डाले गए अपने एक विडियो के लिए ट्रोल हो गईं।



क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के साथ अपने कथित अफेयर के कारण चर्चा में रहने वाली ईशा ने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया था जिसमें वह अपनी मिडिल फिंगर दिखाई दे रही हैं। इससे पहले ईशा गुप्ता इंस्टाग्राम पर अपनी टॉपलेस और सेमी-न्यूड तस्वीरें शेयर करने के कारण भी चर्चा में रही थीं।

ईशा की यह हरकत फैन्स को नागवार गुजरी और उन्होंने ट्रोल करना शुरू कर दिया। यहां तक कि कुछ ने तो लोगों से ईशा को अनफॉलो करने की गुजारिश तक कर डाली। अगर वर्क फ्रंट की बात करें तो ईशा जी जल्द ही एक ईरानी फिल्म आने वाली है जिसका नाम डेविल्स डॉटर है। इसके अलावा वह इंद्र कुमार की फिल्म टोटल धमाल में भी नजर आएंगी।

## प्राची देसाई के करियर में पिछले एक साल में आया बड़ा बदलाव



अभिनेत्री प्राची देसाई का कहना है कि उन्होंने काफी लंबे समय से एक 'अच्छी लड़की' का किरदार किया है और कुछ अलग करना चाहती हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनकी आगामी फिल्म 'कोशा' में उन्होंने अलग तरह का किरदार निभाया है। 'कोशा' के बारे में बात करते हुए प्राची ने कहा, ''मेरा सफर बहुत रोमांचक रहा है। 'कोशा' ने वास्तव में मेरी निरंतरता तोड़ी है। मैंने एक परेशान लड़की का किरदार निभाया है जो घर से भाग आई है और उसे वापस जाना है और अपने अतीत से लड़ना है।'' पर्दे पर इससे पहले 2016 में 'रॉक ऑन 2' में नजर आई प्राची ने कहा कि पिछले एक साल में उनके करियर में बड़ा बदलाव आया है।

उन्होंने कहा, ''मुझे वास्तव में कुछ महान किरदारों के प्रस्ताव आए लेकिन मुझे उनसे खुशी नहीं मिल रही थी। मैं किसी ऐसे किरदार की तलाश में थी जिसमें मैं अपनी क्षमता दिखा सकूं क्योंकि मैं जानती हूं कि प्रस्तुति और अभिनय के मामले में मुझमें और भी क्षमता है।'' 'कोशा' को गंभीर फिल्म बताते हुए प्राची ने कहा, ''मैं इस फिल्म से खुद को जोड़ सकती थी।

## घर के बाहर खेल रही बच्ची से किशोरों ने किया गैंगरेप, 4 लोग गिरफ्तार

देवरिया। जिले के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दरवाजे पर खेल रही नाबालिग बच्ची का अपहरण कर चार किशोरों ने उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों किशोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मां की तहरीर पर गैंगरेप और पॉक्सो धारा में मुकदमा दर्ज किया है। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सात वर्षीय बच्ची बुधवार की देर शाम को दरवाजे के समीप खेल रही थी। इसी बीच गांव चार किशोर वहां पहुंचे। बच्ची को वहां से गोद में उठाकर कुछ दूरी पर झाड़ी में ले गए। बच्ची के अनुसार चारों किशोरों ने उसके साथ बारी-बारी से रेप किया। विरोध करने पर मारा-पीटा। काफी देर बाद बच्ची रोती हुई घर पहुंची। जहां उसने घटना की जानकारी मां को दी। मां ने घटना की सूचना डायल 100 को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची की निशानदेही पर चारों किशोरों को गिरफ्तार कर लिया। बच्ची की मां की तहरीर पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध गैंगरेप और पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया।

